tथ्य पत्र

icare™
Insurance and Care NSW

यदि आपको 2021 से कर्मचारी मुआवजा भुगतान मिले हैं, तो हो सकता है कि आपका कुछ पैसा बकाया हो।

2012 में, NSW में कर्मचारी मुआवजा भुगतानों का हिसाब लगाए जाने के तरीके में परिवर्तन हुआ था। इससे आवश्यक जानकारी में परिवर्तन हुआ और इंश्योरेंस (बीमा) कम्पनियों द्वारा काम से जुड़ी चोट से ग्रस्त लोगों के लिए साप्ताहिक मुआवजा भुगतानों का निर्धारण करने के लिए प्रयोग की जाने वाली गणना प्रक्रिया में परिवर्तन हुआ।

WorkCover NSW का स्थान लेने वाली कम्पनी icare ने यह समीक्षा की शुरूआत की कि बीमाकर्ताओं द्वारा साप्ताहिक कर्मचारी मुआवजा भुगतानों का हिसाब कैसे लगाया जाता था। icare ने भुगतानों के कुछ नमूने देखे और उन्हें कुछ गलत हिसाब-किताब का पता चला। कुछ मामलों में, इसके फलस्वरूप लोगों को उचित से कम भुगतान मिला।

इसलिए यदि आपको या किसी ऐसे व्यक्ति को जिसकी आपने देखरेख की है उसे 2012 से भुगतान मिले हैं तो हो सकता है कि आपका पैसा बकाया हो।

icare.nsw.gov.au/assessment देखें



पता लगाएँ कि क्या आपका पैसा बकाया है।

आकलन का आवेदन जमा कराने के लिए, आपके लिए बस यह करना ज़रूरी है कि आप पात्रता के लिए मानदण्ड पूरा करें, और फिर ऑनलाइन फॉर्म पूरा करके जमा कराएँ। इसके बाद आपकी पूछताछ एक क्लेम मैनेजर के पास जाएगी जो आपके क्लेम का मूल्यांकन करेगा – वे आपसे संपर्क करके आपको यह बताएँगे कि उन्हें आपका निवेदन मिल गया है।

प्रक्रिया के भाग के तौर पर, हो सकता है कि आपको अपनी पुरानी आमदनी से सम्बन्धित अधिक जानकारी प्रदान करनी पड़े, जैसे कि पे स्लिप, छुट्टी के रिकॉर्ड और अन्य वेतन जानकारी ताकि आपके आकलन में सहायता मिल सके।

संभावित परिणाम क्या हैं?

आपके आकलन के पांच संभावित परिणाम हैं:

1. आपको उचित से कम भुगतान दिया गया है।

ऐसा होने पर आपको एकबारगी प्रतिपूर्ति भुगतान किया जाएगा। यदि आपको वर्तमान में बेनेफिट्स मिल रहे हैं, तो आपके चालू साप्ताहिक भुगतानों को भी समायोजित किया जा सकता है।

2. आपको उचित से अधिक भुगतान दिया गया है।

आपको उचित से अधिक मिले किसी भुगतान को वापिस नहीं करना होगा। परन्तु, यदि आपको वर्तमान में बेनेफिट्स मिल रहे हैं, तो चालू साप्ताहिक भुगतान समायोजित किए जा सकते हैं।

3. कोई बदलाव नहीं।

आपके आवेदन का आकलन करने के बाद, हो सकता है कि आपके वर्तमान भुगतानों या प्रतिपूर्ति में कोई बदलाव न हो।

4. आकलन संभव नहीं है।

यदि आपका कोई ऐसा क्लेम रहा है जिसका निपटान पहले किया जा चुका है तो हो सकता है कि यह परिणाम सामने आए।

यदि आवेदन प्रक्रिया के संबंध में आपके कोई अतिरिक्त सवाल हैं या आपको अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है, तो कृपया icare टीम से 02 6714 8003 पर संपर्क करें या वैकल्पिक तौर पर आप icare.nsw.gov.au/assessment वेबसाइट पर जाकर आकलन आवेदन जमा करा सकते/सकती हैं।